मासिक समाचार पत्र

हरियाणा का पैगाम

सत्य, समाज और सरोकार का पैगाम, हरियाणा की बात, हरियाणा के साथ

हिन्दी समाचार पत्र

हरियाणा से प्रकाशित समाचार पत्र में खबरें एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।

मुख्य संपादक : सत्यम नागपाल | Reg. Add. 367-F, PROFESSORCOLONY, YAMUNA NAGAR-135001 (HARYANA) • Mob. 93155-55560, 93557-77739, 93550-09777, 93540-00004 | website : https://hkp.yamunasandesh.com

वर्ष-01/ अंक 04, पृष्ठ -04 | यमुनानगर, वीरवार, 01 अक्तूबर, 2026 | Email: haryanakapaigam@gmail.com | मूल्य : 10:00 प्रति कॉपी | PRGI No.: HRHIN/26/A3461





मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सिंगापुर में सिंग फोरम में विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों से की मुलाकात

डाटा सेंटर, रक्षा क्षेत्र, आधारभूत ढांचे और हाउसिंग परियोजनाओं पर हुई विस्तृत चर्चा

हरियाणा का पैगाम, सत्यम नागपाल :

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सिंगापुर में सिंग फोरम के मंच पर विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की और प्रदेश में निवेश के नए अवसरों पर विस्तृत चर्चा की। इस बैठक में प्रदेश में डाटा सेंटर स्थापित करने, हिसार के आसपास रक्षा क्षेत्र में निवेश, आधारभूत इंफ्रास्ट्रक्चर को और मजबूत बनाने तथा नई तकनीक अपनाने से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार उद्यमियों और निवेशकों को हर संभव सहयोग प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने सभी उपस्थित उद्यमियों को हरियाणा आने और यहां निवेश करने के



लिए आमंत्रण दिया। श्री नायब सिंह सैनी ने स्पष्ट किया कि सरकार निवेशकों के हर कदम पर उनके साथ खड़ी रहेगी और सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराएगी। बैठक में पानीपत में हाउसिंग क्षेत्र के विकास संबंधी विषयों पर भी गहन मंथन हुआ। इसी क्रम में गुरुग्राम में सस्ते दर पर रिहायशी क्षेत्र विकसित करने तथा हाउसिंग फॉर रेंटल नीति को लेकर सरकार से बातचीत हुई। इन चर्चाओं में प्रदेश में आवास व्यवस्था को और सुलभ बनाने तथा किफायती आवास उपलब्ध कराने की दिशा में आगे बढ़ने पर भी मंथन हुआ। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रहे 'मेक इन इंडिया' अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि हमें मिलकर इस अभियान को और आगे बढ़ाना होगा। उन्होंने जोर दिया कि हरियाणा 'मेक इन इंडिया' के लक्ष्यों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और राज्य को औद्योगिक तथा तकनीकी विकास का प्रमुख केंद्र बनाने का प्रयास जारी रहेगा। इस मुलाकात में भाग लेने वाले कंपनियों के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री के सकारात्मक रुख और सरकार की निवेश-अनुकूल नीतियों की सराहना की। बैठक के दौरान प्रदेश में निवेश के अनुकूल माहौल बनाने, इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत करने और नई तकनीकों को बढ़ावा देने पर सभी पक्ष सहमत नजर आए।

एसआईआर से संबंधित नोटिस एवं सुनवाई मामलों के समयबद्ध निस्तारण पर फोकस करने के लिए जिला में लगाए गए विशेष शिविर

विशेष शिविर में 293 लंबित मामलों की की गई सुनवाई

हरियाणा का पैगाम, नितिन नागपाल :

यमुनानगर। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त प्रीति ने बताया कि एसआईआर से संबंधित नोटिस एवं सुनवाई मामलों के समयबद्ध निस्तारण पर फोकस करने के लिए जिला में लगाए गए विशेष शिविर में 293 लंबित मामलों की सुनवाई की गई। नोटिस प्राप्त करने वाले मतदाताओं से निर्धारित तिथि पर सुनवाई में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के लिए अपील की। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त प्रीति ने बताया कि जिला में विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत मिले नोटिस एवं सुनवाई से संबंधित मामलों के समयबद्ध निस्तारण पर विशेष जोर दिया



गया है । उन्होंने बताया कि जिला में 7265 सुनवाई मामले लंबित हैं । कुल लंबित मामलों का प्रतिशत 4.46 है। निर्वाचन आयोग द्वारा लंबित मामलों की नियमित समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को लंबित सुनवाई मामलों के शीघ्र निस्तारण, प्रभावी मॉनिटरिंग व निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए हैं । जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नोटिस की सुनवाई समय पर समाप्त करने के लिए 9 अक्तूबर 2026 तक ऐसे मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर व घर-घर सर्वे के दौरान दस्तावेज प्राप्त कर रहे है, जहां पर नोटिस प्राप्त होने पर अभी तक सम्बन्धित मतदाताओं द्वारा आवश्यक दस्तावेज जमा नहीं करवाये गए हैं । इसके साथ-ही मतदाता सूची को अधिक पारदर्शी बनाने के लिए 1005 मतदान केन्द्रों के लिए विभिन्न राजनैतिक दलों द्वारा बड़ी संख्या में बूथ लेवल एजेंट नियुक्त किए गए है। भारतीय जनता पार्टी द्वारा 979 व भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा 741 बीएलए-2 नियुक्त किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त भारतीय जनता पार्टी के 4, भारतीय कांग्रेस पार्टी के 4, आम आदमी पार्टी के 4, जननायक जनता पार्टी के 4, इंडियन नेशनल लोकदल के 4, बहुजन समाज पार्टी के 4 तथा कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया(मार्क्सवादी)के 4 बीएलए-1 नियुक्त किए गए हैं। सभी ऐसे पात्र मतदाताओं से अपील है जिन्होंने अभी तक दस्तावेज जमा नहीं करवाया है वे इस विशेष अभियान का लाभ उठाएं तथा अपने दस्तावेज बूथ लेवल अधिकारी को जमा करवाएं । योग्य मतदाताओं के नाम 6 नवम्बर को प्रकाशित होने वाली अन्तिम मतदाता सूची में शामिल हो सके ।

जिला पुलिस ने अक्टूबर को राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा माह के रूप में मनाने का लिया फैसला, पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने अधिकारियों को दिए निर्देश

हरियाणा का पैगाम, बलविन्द्र सिंह :

यमुनानगर। साइबर ठग रोज नए-नए तरीकों से लोगों को अपने जाल में फंसाकर ऑनलाइन ठगी की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। साइबर अपराधों से लोगों को बचाने और ऑनलाइन सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिला पुलिस ने अक्टूबर माह को 'राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा माह' के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने बताया कि एक अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक जिले में विशेष साइबर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत शहरों के साथ-साथ गांवों और कस्बों में भी लोगों को साइबर ठगी से बचाव के उपायों की जानकारी



दी जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए सभी पर्यवेक्षक अधिकारियों और थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। थाना स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर आमजन को ऑनलाइन धोखाधड़ी के नए तरीकों और उनसे बचने के सुरक्षित उपायों के बारे में जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान मजबूत पासवर्ड रखने, टू-फैक्टर सिक्योरिटी अपनाने, मोबाइल फोन और सॉफ्टवेयर को समय-समय पर अपडेट करने, सोशल मीडिया का सुरक्षित इस्तेमाल करने तथा ऑनलाइन लेन-देन में विशेष सावधानी बरतने के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा। इसके अलावा महिलाओं, बच्चों, विद्यार्थियों, व्यापारियों और समाज के अन्य वर्गों को भी अभियान से जोड़ा जाएगा। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने कहा कि साइबर ठगी का शिकार होने पर पीड़ित को घबराने या चुप बैठने के बजाय तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज करवानी चाहिए। ठगी की सूचना जितनी जल्दी पुलिस को मिलेगी, ठगी की रकम को रोकने या वापस दिलाने की संभावना उतनी ही अधिक होगी। उन्होंने कहा कि साइबर अपराध की तत्काल रिपोर्टिंग ठगों के खिलाफ सबसे प्रभावी हथियार है। अभियान के दौरान पुलिस की ओर से लगातार प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। इनमें लोगों को दोहरी सुरक्षा प्रणाली अपनाने, मजबूत एवं सुरक्षित पासवर्ड रखने तथा मोबाइल फोन और ऑनलाइन खातों में फेस लॉक और फिंगरप्रिंट जैसी सुरक्षा सुविधाओं का इस्तेमाल करने की जानकारी दी जाएगी।

नशे के खिलाफ कुरुक्षेत्र पुलिस ने कई स्थानों पर एक साथ चलाया सर्च एवं चेकिंग अभियान

हरियाणा का पैगाम, संजीव ओबराय :

कुरुक्षेत्र। नशे के कारोबार पर प्रभावी ढंग से शिकंजा कसने और जिले में नशीले पदार्थों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए कुरुक्षेत्र पुलिस ने सोमवार को एकसाथ कई स्थानों पर विशेष सर्च एवं चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक श्री चन्द्र मोहन के निर्देश पर तथा डीएसपी मुख्यालय सुरेश कुमार व डीएसपी लाडवा निर्मल सिंह की अगुवाई में चलाए गए अभियान में विभिन्न थाना प्रभारियों, सीआईए टीमों, एंटी नारकोटिक सैल, पुलिस कर्मचारियों के साथ-साथ डॉग स्क्वायड की टीमों ने भाग लिया। पुलिस की अलग-अलग टीमों ने विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर संदिग्ध



व्यक्तियों, मकानों, किराये के मकानों तथा नशे के कारोबार से जुड़े संभावित ठिकानों की सघन जांच की। जानकारी देते हुए डीएसपी लाडवा निर्मल सिंह ने बताया कि पुलिस द्वारा शोरगीर बस्ती, इन्दिरा कालोनी, गांधी नगर सहित अन्य स्थानों पर एक साथ सर्च अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान नशे का कारोबार करने वाले संदिग्ध व्यक्तियों के ठिकानों, मकानों, किराये के मकानों तथा अन्य संभावित स्थानों की बारीकी से जांच की गई। पुलिस टीमों ने संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ करने के साथ-साथ कई लोगों की तलाशी भी ली। पुलिस द्वारा नशे के कारोबार में संलिप्त लोगों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है तथा संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिलने पर तुरंत कार्रवाई की जा रही है। निर्मल सिंह ने बताया कि नशा समाज के लिए गंभीर चुनौती है और इसके कारण युवा पीढ़ी का भविष्य प्रभावित होता है। कुरुक्षेत्र पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक श्री चंद्र मोहन के मार्गदर्शन में नशे के खिलाफ कार्रवाई को केवल पुलिस अभियान तक सीमित न रखते हुए इसे सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में लिया गया है। पुलिस की टीमें लगातार नशा तस्करों, नशीले पदार्थों की सप्लाई करने वाले लोगों और ऐसे संदिग्ध ठिकानों की पहचान कर रही हैं। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ सर्च एवं चेकिंग अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। डीएसपी ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई में पुलिस के साथ-साथ समाज की भागीदारी भी बेहद जरूरी है। यदि किसी व्यक्ति को अपने क्षेत्र में नशीले पदार्थों की बिक्री, सप्लाई या किसी अन्य प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिलती है तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें।









राजकीय विद्यालयों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं, सांस्कृतिक उत्सव विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा निखारने का बेहतरीन मंच प्रदान करते हैं : के. एस. संधावा

हरियाणा का पैगाम, गुरदीप :



यमुनानगर। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाखरवाला में खंड छछरौली का खंड स्तरीय कल्चरल फेस्ट ब्लॉक एजुकेशन ऑफिसर श्री अशोक धीमान के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला परियोजना अधिकारी, समग्र शिक्षा अभियान, यमुनानगर श्री के. एस. संधावा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। विद्यालय पहुंचने पर प्रिंसिपल श्री मधुकर एवं विद्यालय स्टाफ द्वारा मुख्य अतिथि का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया तथा उन्हें पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया गया। कल्चरल फेस्ट में खंड छछरौली के विभिन्न राजकीय विद्यालयों से विद्यार्थियों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने गिद्दा, रागनी, हरियाणवी गीत, स्किट सहित विभिन्न सांस्कृतिक विधाओं में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों की आकर्षक प्रस्तुतियों ने उपस्थित अतिथियों एवं दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी कला, संस्कृति और रचनात्मक प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री के. एस. संधावा ने कहा कि कल्चरल फेस्ट विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और उसे निखारने के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करते हैं। इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता, अनुशासन एवं मंच पर प्रस्तुति देने की क्षमता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खंड एवं जिला स्तर पर आयोजित होने वाले ऐसे कार्यक्रमों में भाग लेने से विद्यार्थियों को अपनी कमियों को दूर करने, अनुभव प्राप्त करने और भविष्य में बेहतर कलाकार के रूप में उभरने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा के राजकीय विद्यालय शिक्षा के साथ-साथ खेलों, सांस्कृतिक गतिविधियों और अन्य सह-पाठ्यक्रम क्षेत्रों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। हमारे राजकीय विद्यालयों में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की कोई कमी नहीं है। राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थी किसी भी क्षेत्र में निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों से पीछे नहीं हैं। सरकारी विद्यालयों में उपलब्ध सुविधाएं, योग्य शिक्षकों का मार्गदर्शन और विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए दिए जा रहे अवसर उनकी प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। जिला परियोजना अधिकारी ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी इसी उत्साह और मेहनत के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को शानदार प्रस्तुतियों के लिए बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य और जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए शुभकामनाएं दीं।

स्टार्स एकेडमी का वंडर मॉडल रनवे 2026 'बना फैशन, टैलेंट और आत्मविश्वास का भव्य मंच

हरियाणा का पैगाम, शिवानी जुनेजा :





जीरकपुर। स्टार्स एकेडमी द्वारा कॉस्मो मॉल, ज़ीरकपुर के सहयोग से आयोजित वार्षिक कार्यक्रम 'वंडर मॉडल रनवे 2026' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 120 मॉडल्स ने रैंप पर वॉक कर अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास और मॉडलिंग का हुनर प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के ब्रांड एम्बेसडर रामनजोत सिंह खालसा और रुचि महाजन* रहे। कार्यक्रम की शुरुआत *प्रिशा, हेज़ल और लवजीत ने शो ओपनर के रूप में की, जबकि *हिनाया, दर्शिता, सीरत और पंकज* ने शोस्टॉपर के रूप में शानदार प्रस्तुति दी। शो की कोरियोग्राफी अंजली आस्था ने की थी। इस अवसर पर *नक्ष, मेहताब, मायरव, चक्षित , अंचित, अयान, मेहरहमत, मिष्ठी, सिंगर प्रीत परमिंदर और एडिटर हरमीत कालरा* विशेष सेलिब्रिटी अतिथि के रूप में शामिल हुए। वहीं *अनुप्रीत, श्री सुनील, नीतू मैम, मंजू बाला मैम और संदीप भारद्वाज जी* ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। स्टार्स ग्रुप की डायरेक्टर *प्रिया सिंह ने कहा कि वंडर मॉडल स्टार्स एकेडमी का वार्षिक आयोजन है*, जिसमें एकेडमी के विद्यार्थी प्रतियोगी के रूप में हिस्सा लेते हैं। उन्होंने कहा, हमारे लिए हमारा हर स्टूडेंट एक सेलिब्रिटी है। वंडर मॉडल केवल एक रनवे इवेंट नहीं है, बल्कि यह ऐसा मंच है जहां हमारे विद्यार्थियों को मॉडलिंग, एक्टिंग, ग्रूमिंग और स्टेज परफॉर्मेंस का अनुभव मिलता है। हमारा उद्देश्य उनके आत्मविश्वास को बढ़ाना और उन्हें मनोरंजन एवं फैशन की दुनिया के लिए तैयार करना है। उन्होंने आगे कहा कि इस आयोजन में *अभिभावक भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और कार्यक्रम का हिस्सा बनकर बच्चों का उत्साह बढ़ाते हैं। आयोजन को मिला विभिन्न ब्रांड्स का सहयोग कार्यक्रम में *लैक्मे अकादमी चंडीगढ़ सेक्टर 34 और 9टीन कर्ल मेकअप पार्टनर रहे। ोमिका क्रिएशन सैश पार्टनर रहा, जबकि *मेहफिल, हॉट वॉक और हिल्स आई प्रोडक्शन* ने फूड पार्टनर के रूप में सहयोग किया। *क्रैक्स* टी-शर्ट पार्टनर रहा। एडिडास, लैंडमार्क, संजय लहंगा हाउस और पहनावा* कार्यक्रम के प्रमुख प्रायोजक रहे। प्रथम चौहान फोटोग्राफी और ग्लोरिफाई इंटरनेशनल* फोटोग्राफी पार्टनर रहे। *श्रीमती सुनीता* ने ज्वेलरी डिजाइनर के रूप में सहयोग दिया। पूरी टीम की मेहनत से सफल हुआ आयोजन कार्यक्रम की सफलता के पीछे स्टार्स एकेडमी की पूरी टीम की मेहनत और समर्पण रहा। *राजन देव, सत्यम सिंह, प्रिया, लवजीत, नीरज, आयुष, निखिल, अभय, प्रिंस, जशन, दक्षायनी, प्रियांशी, कृतिका, अभिषेक, अवनी, अवनीत और परमिंदर* सहित पूरी टीम ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

राधिका डांस स्टूडियो द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में 250 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

हरियाणा का पैगाम, कोमल शर्मा :



अंबाला। राधिका डांस स्टूडियो द्वारा आयोजित डांस प्रतियोगिता कलाकार सीजन-2 का भव्य आयोजन 2 अक्टूबर 2026 को एससीजेन कॉलेज, अंबाला में किया गया। प्रतियोगिता में सोलो, डुएट और ग्रुप सहित विभिन्न श्रेणियों में लगभग 200 से 250 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में अंबाला के अलावा भोपाल, इंदौर, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, लुधियाना, पंजाब तथा जयपुर, राजस्थान सहित विभिन्न शहरों से प्रतिभागी पहुंचे। विभिन्न आयु वर्गों के प्रतिभागियों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। कलाकार सीजन-2 में विजेताओं के लिए 51,000 का कैश प्राइज रखा गया था। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों के उत्साह को बढ़ाते हुए राधिका शर्मा जी द्वारा ऑन-द-स्पॉट एक सिल्वर चेन की जगह दो सिल्वर चेन्स देने की घोषणा की गई, जिसने सभी में खुशी की लहर दौड़ा दी। राधिका डांस स्टूडियो की ओर से प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रत्येक बच्चे के लिए ट्रॉफी, सर्टिफिकेट और रिफ्रेशमेंट की विशेष व्यवस्था की गई थी। आयोजकों का उद्देश्य केवल प्रतियोगिता आयोजित करना ही नहीं, बल्कि हर प्रतिभागी को उसकी मेहनत और कला के लिए सम्मानित एवं प्रोत्साहित करना रहा। राधिका शर्मा ने कहा कि कलाकार का उद्देश्य बच्चों और युवाओं को अपनी प्रतिभा को मंच पर प्रस्तुत करने का अवसर देना और उन्हें डांस के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है। प्रतियोगिता में अलग-अलग शहरों से आए प्रतिभागियों की भागीदारी इस बात का प्रमाण है कि कलाकार का मंच लगातार बड़ा हो रहा है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में राधिका डांस स्टूडियो की पूरी टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों, अभिभावकों और दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला।

59वें युनियन स्थापना दिवस पर कर्मचारियों ने लिया हक की आवाज बुलंद रखने का संकल्प

हरियाणा का पैगाम, शालू नागपाल :



यमुनानगर। हरियाणा गर्व.पी.डब्ल्यू.डी. मैकेनिकल वर्करज यूनियन रजि. नं. 41, मुख्यालय चरखी दादरी, संबंधित संयुक्त कर्मचारी संघ, जन स्वास्थ्य शाखा ,भवन तथा मार्ग शाखा ने यूनियन का 59वां स्थापना दिवस युनियन कार्यालय सैक्टर 11 पंचकुला जिला प्रधान श्री होशियार सिहं चौधरी की अध्यक्षता में धूमधाम से मनाया गयाऔर पूर्वज शहीद नेताओं की संगठन के प्रति जो शाहदात दी उन्हें याद किया और पुष्पांजलि अर्पित की इस अवसर पर कर्मचारियों ने संगठन के गौरवशाली इतिहास को याद करते हुए कहा कि एकजुटता, संघर्ष और कर्मचारियों के अधिकारों की निरंतर आवाज उठाना ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत है सन्दल सिहं राणा राज्य महासचिव ने बताया कि संगठन की स्थापना 5 अक्टूबर 1967 को हुई थी। उन्होंने संगठन द्वारा कर्मचारियों के हित में किए गए संघर्षों और उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वर्ष 1993, 1996 व 2003 में रेगुलराइजेशन सहित अनेक महत्वपूर्ण उपलब्धियां संगठन के संघर्ष का परिणाम रही हैं। उन्होंने कहा कि संगठन ने हमेशा कर्मचारियों की समस्याओं को मजबूती से उठाया है और भविष्य में भी कर्मचारियों के अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रहेगा स्थापना दिवश के उपलक्ष्य में जिला नारनौल में रक्त दान कैम्प पिछले पाच वर्षो से लगातार लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कर्मचारी हितों से जुड़े मुद्दों का समाधान केवल आश्वासनों से नहीं, बल्कि प्रभावी निर्णय लेकर धरातल पर लागू करने से होना चाहिए। सभा में एचकेआरएन कर्मचारियों को पोर्टल पर चढ़ने में आ रही परेशानियों का समाधान करने, पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) लागू करवाने, एलटीसी का समय पर भुगतान करने तथा कैशलैस मेडिकल सुविधा को पूर्ण रूप से लागू करवाने की मांग प्रमुखता से उठाई गई। सभा को राज्य उपमहासचिव श्री नितीश कुमार व जिला प्रधान होशियार सिहं चौधरी पदाधिकारियों ने भी संबोधित किया। इस दौरान प्रधान शमशेर सिहं गुज्जर, इस्लाम राम अवतार, खान, गुरमीत सिहं, सन्जु, हैप्पी, प्रवीण गुज्जर, ललन, सुभाष, सन्त राम मौजूद रहे। पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन का 59 वर्षों का सफर कर्मचारियों की एकता, संघर्ष और विश्वास का प्रतीक है। स्थापना दिवस के अवसर पर सभी कर्मचारियों ने आपसी एकजुटता कायम रखते हुए कर्मचारी हितों एवं अधिकारों के लिए लोकतांत्रिक एवं संगठित तरीके से संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।

टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत निक्षय पोषय योजना है स्वास्थ्य योजना : विधायक

हरियाणा का पैगाम, बलविन्द्र सिंह :



यमुनानगर। प्रधानमंत्री टी.बी. मुक्त भारत अभियान - निक्षय के तहत निक्षय पोषय योजना भारत सरकार द्वारा चलाई जाने वाली महत्वपूर्ण स्वास्थ्य योजना है, जिसका उद्देश्य टी.बी. के मरीजों को बेहतर पोषण और वित्तीय सहायता प्रदान करना है। इसी के चलते 09 अक्टूबर को विधायक यमुनानगर की उपस्थिती में रोटरी क्लब जगाधरी यमुनानगर द्वारा निक्षय मित्र पहल के चलते जिले के 100 टीबी से ग्रस्त मरीजों को गोद लिया गया तथा उन्हें प्रोटीन किट वितरित की गई। इस अवसर पर कार्यवाहक सिविल सर्जन डॉ. दिव्या मंगला, उप-सिविल सर्जन टी.बी. डॉ. चारू कालडा, रोटरी क्लब से अध्यक्ष अभिषेक दत्ता, शुभम गर्ग, राजीव मित्तल, प्रीति मितल, अशोक सैनी, सुमीत तथा हरविन्द्र सिंह उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायकत यमुनानगर घनश्याम दास अरोडा ने कहा कि सरकार का उद्देश्य भारत को टी.बी. मुक्त देश बनाना है, जिसके लिये सरकार द्वारा टी.बी. मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है, जिसके चलते निक्षय पोषय योजना में मरीजों को पोषक आहार के लिये 1000 रूपये की आर्थिक सहायता देना, निक्षय मित्र पहल के तहत टी.बी. मरीजों को गोद लेकर उनकी सहायता करना, निक्षय डिजिटल पॉर्टल द्वारा मरीजों का पंजीकरण करना, सभी सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों पर टी.बी. के मरीजों की निशुल्क जॉच, सलाह तथा उपचार प्रदान करना, टी.बी. आरोग्य एप द्वारा जागरूकता व सहायता प्रदान करना तथा टोल फ्री नम्बर 1800-11-6666 पर सलाह व सहायता प्रदान करना शामिल है ताकि कोई भी टी.बी. का मरीज पूर्ण व उचित उपचार से वंचित ना रह जाये। उन्होने कहा कि समाज में संस्थाओं द्वारा मरीजों को गोद लेने से उन्हें आर्थिक, मानसिक, सामाजिक तथा भावनात्मक सहयोग प्राप्त होता है, जो उनकी जीवनशक्ति को बडाता है। इस अवसर पर कार्यवाहक सिविल सर्जन डॉ. दिव्या मंगला ने बताया कि टी.बी. के मरीजों को स्वास्थ्य संस्थानों द्वारा उचित समय पर दवाऐं प्रदान की जाती है तथा इसके साथ ही यह भी बताया कि टी.बी. के मरीजों के लिये प्रोटिन किट का क्या महत्व है।

नशे से दूर रहें, खेलों पर ध्यान दें और जीवन को सफल बनाएं : डीएसपी

हरियाणा का पैगाम, अनुमप्रीत अरोड़ा :

यमुनानगर। शिवाजी प्रेस क्लब यमुनानगर रजिस्टर्ड की ओर से शुक्रवार को जठलाना क्षेत्र के गांव खजूरी स्थित श्री कृष्णा पब्लिक स्कूल में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में रादौर के डीएसपी सुनील कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जबकि स्कूल के अध्यक्ष महिपाल सिंह राणा और एंटी नारकोटिक्स सेल के इंचार्ज अनिल राणा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम और सिविल अस्पताल यमुनानगर की ओर से पहुंचे रिंकू सिंह ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों, इससे बचाव और नशे की लत से बाहर निकलने के उपायों के बारे में जागरूक किया।

नशा खरीदना और बेचना, दोनों नुकसानदायक : मुख्य अतिथि डीएसपी सुनील कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार और भविष्य को बुरी तरह प्रभावित करता है। नशे से दूर रहना और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि जिला पुलिस द्वारा स्कूलों में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। नशे से जंग, यमुनानगर पुलिस के संग% अभियान के तहत पुलिस नशे की खरीद-फरोख्त में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। इसके साथ ही नशे की लत से जूझ रहे लोगों को इससे बाहर निकालने के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिला पुलिस का एंटी नारकोटिक्स सेल पूरी तत्परता से कार्य कर रहा है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे नशे से दूर रहें, खेलों और सकारात्मक गतिविधियों में भाग लें तथा अपने भविष्य को बेहतर बनाने पर ध्यान दें।

हर गांव तक पहुंच रहा एंटी नारकोटिक्स सेल : एसआई सतीश कुमार

एंटी नारकोटिक्स सेल के एसआई सतीश कुमार ने कहा कि जिला पुलिस की टीम गांव-गांव जाकर नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चला रही है। पुलिस द्वारा उन गांवों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जहां नशे की बिक्री या सेवन की शिकायतें सामने आती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे किसी भी परिस्थिति में नशे को अपने जीवन का हिस्सा न बनने दें। बच्चे देश का भविष्य हैं और उन्हें अपने लक्ष्य निर्धारित करके शिक्षा, खेल और अच्छे संस्कारों पर ध्यान देना चाहिए। सिविल अस्पताल यमुनानगर की ओर से पहुंचे रिंकू सिंह ने भी विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नशे की लत से बाहर निकलने के लिए उचित मार्गदर्शन और चिकित्सा सहायता लेना महत्वपूर्ण है। सिविल अस्पताल की टीम नशा मुक्ति के प्रयासों में अपनी भूमिका निभा रही है। शिवाजी प्रेस क्लब यमुनानगर रजिस्टर्ड के अध्यक्ष रविंद्र चौहान ने कहा कि क्लब लंबे समय से सामाजिक सरोकारों से जुड़े जनहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहा है।

ट्राई सिटी चंडीगढ़ के नामी फोटोग्राफर्स व वन्य जीव प्रेमियों ने लिया हिस्सा

हरियाणा का पैगाम, अनुराधा शर्मा :



चंडीगढ़। हरियाणा गर्व. पी.डब्ल्यू.डी. मैकेनिकल वर्करज यूनियन रजि. नं. 41, मुख्यालय चरखी दादरी, संबंधित संयुक्त कर्मचारी संघ, जन स्वास्थ्य शाखा ,भवन तथा मार्ग शाखा ने यूनियन का 59वां स्थापना दिवस युनियन कार्यालय सैक्टर 11 पंचकुला जिला प्रधान श्री होशियार सिहं चौधरी की अध्यक्षता में धूमधाम से मनाया गयाऔर पूर्वज शहीद नेताओं की संगठन के प्रति जो शाहदात दी उन्हें याद किया और पुष्पांजलि अर्पित की इस अवसर पर कर्मचारियों ने संगठन के गौरवशाली इतिहास को याद करते हुए कहा कि एकजुटता, संघर्ष और कर्मचारियों के अधिकारों की निरंतर आवाज उठाना ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत है सन्दल सिहं राणा राज्य महासचिव ने बताया कि संगठन की स्थापना 5 अक्टूबर 1967 को हुई थी। उन्होंने संगठन द्वारा कर्मचारियों के हित में किए गए संघर्षों और उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वर्ष 1993, 1996 व 2003 में रेगुलराइजेशन सहित अनेक महत्वपूर्ण उपलब्धियां संगठन के संघर्ष का परिणाम रही हैं। उन्होंने कहा कि संगठन ने हमेशा कर्मचारियों की समस्याओं को मजबूती से उठाया है और भविष्य में भी कर्मचारियों के अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रहेगा स्थापना दिवश के उपलक्ष्य में जिला नारनौल में रक्त दान कैम्प पिछले पाच वर्षो से लगातार लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कर्मचारी हितों से जुड़े मुद्दों का समाधान केवल आश्वासनों से नहीं, बल्कि प्रभावी निर्णय लेकर धरातल पर लागू करने से होना चाहिए। सभा में एचकेआरएन कर्मचारियों को पोर्टल पर चढ़ने में आ रही परेशानियों का समाधान करने, पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) लागू करवाने, एलटीसी का समय पर भुगतान करने तथा कैशलैस मेडिकल सुविधा को पूर्ण रूप से लागू करवाने की मांग प्रमुखता से उठाई गई। सभा को राज्य उपमहासचिव श्री नितीश कुमार व जिला प्रधान होशियार सिहं चौधरी पदाधिकारियों ने भी संबोधित किया। प्रधान शमशेर सिहं गुज्जर, इस्लाम राम अवतार, खान, गुरमीत सिहं, सन्जु, हैप्पी, प्रवीण गुज्जर, ललन, सुभाष, सन्त राम मौजूद रहे। पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन का 59 वर्षों का सफर कर्मचारियों की एकता, संघर्ष और विश्वास का प्रतीक है। स्थापना दिवस के अवसर पर सभी कर्मचारियों ने आपसी एकजुटता कायम रखते हुए कर्मचारी हितों एवं अधिकारों के लिए लोकतांत्रिक एवं संगठित तरीके से संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया। इस प्रकृति भ्रमण में प्रतिभागियों ने छतबीर क्षेत्र के प्राकृतिक वातावरण में पक्षियों को उनके प्राकृतिक आवास में देखने और उनके व्यवहार को समझने का अवसर प्राप्त किया। सुबह के शांत और अनुकूल मौसम में विभिन्न पक्षियों की गतिविधियों, उनकी आवाजों, उड़ान, भोजन की तलाश और प्राकृतिक आवास के साथ उनके संबंधों को करीब से देखा गया।

खेड़ा वतन पंजाब दियां : आशा सैनी ने शूटिंग क्षेणी में जीता गोल्ड मेडल

सैनी ने यह स्थान 10 मीटर शूटिंग कैटेगरी में पूरे मोहाली जिला में हासिल किया है

हरियाणा का पैगाम, मोनिका :



चंडीगढ़। पंजाब में चल रही खेड़ा वतन पंजाब दियां में जिला मोहाली में शूटिंग कैटिगरी में आशा सैनी ने गोल्ड मेडल जीता है। यह स्थान आशा सैनी ने 10 मीटर शूटिंग कैटेगरी में पूरे मोहाली जिला में हासिल किया है। न्यू चंडीगढ़ के इकोसिटी वन में रहने वाली आशा सैनी पंजाब पुलिस हैडक्वाटर के लीगल सेल में कार्यरत हैं। आशा ने बताया कि जब उन्होंने डिपार्टमेंट ज्वाइन किया था तब से ही शूटिंग रेंज में प्रैक्टिस कर रही हैं। शूटिंग में निपुणता हासिल करने के लिए उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर के कोच बाबू राम की देखरेख में ट्रेनिंग ली है। इस स्पर्धा में मेडल हासिल करने के लिए उन्होंने लगातार शूटिंग रेंज में प्रैक्टिस की है। जब उनसे पूछा गया कि नौकरी और पारिवारिक जिम्मेदारियां के चलते वह प्रैक्टिस के लिए समय कैसे निकालतीं हैं, तो उन्होंने बताया कि मंजिल हासिल करने के लिए स्पेयर टाइम एवं छुट्टी वाले दिनों में काफी प्रैक्टिस करती पड़ती है। आशा सैनी, जो पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट के वकील कुलदीप सिंह सैनी की धर्मपत्नी हैं, ने बताया कि उन्होंने 10 मीटर श्रेणी में मोहाली जिला की तरफ से हिस्सा लिया और गोल्ड मेडल हासिल करने में कामयाब हुईं। उल्लेखनीय है कि जुलाई में पंजाब राइफल शूटिंग एसोसिएशन द्वारा मौहाली में कराई गई शूटिंग चैंपियनशिप में भी आशा सैनी ने गोल्ड मैडल हासिल किया था।

महाराजा अग्रसेन कालेज में सिंगिंग सुपर स्टार कंप्टीशन-2 का हुआ आयोजन

हरियाणा का पैगाम, बाल कृष्ण :



जगाधरी। महाराजा अग्रसेन कॉलेज जगाधरी में,सुर संगीत कला वैल्फेयर सोसायटी (रजिस्टर्ड) -जगाधरी यमुनानगर की ओर से , सिंगिंग सुपर स्टार कंप्टीशन-2 का आयोजन किया गया। जिसमें यमुना नगर-जगाधरी के अलावा कुरूक्षेत्र, करनाल, चंडीगढ़, बरनाला,पटियाला (पंजाब) अम्बाला, कैथल, नरवाना, बराड़ा, सहारनपुर आदि जिलों से भी प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। मुख्यातिथि के रुप में पूर्व शिक्षा मंत्री चौधरी कंवर पाल जी के सुपुत्र आदरणीय निश्चल यमुना नगर से विधायक श्री घनश्याम दास अरोड़ा भाजपा ,जिलाध्यक्ष यमुना नगर राजेश सपरा, मदन चौहान प्रदेश सचिव , रादौर से पूर्व विधायक व सफाई आयोग के चेयरमेन ईश्वर सिंह पलाका, वरिष्ठ भाजपा नेता नेपाल सिंह राणा, मंडल अध्यक्ष जगाधरी प्रियांक कुमार शर्मा, जिला उपाध्यक्ष स्.ष्ट. मोर्चा क्छ्.क्क राजपाल सिंह, जंगशेर सिंह शामिल रहे। इसके अलावा गेस्ट ऑफ ऑनर के लिए स्वर साधना कला फाउंडेशन ह्.ल.ह्. कुरूक्षेत्र के डायरेक्टर श्रीमान अशोक राणा जी, जनरल सैक्रेटरी कुलदीप मलिक , स्वर वंदना स्वर भारती, कुरूक्षेत्र की डायरेक्टर श्रीमती मुकेश देवी , गीत माला कला मंच, कुरूक्षेत्र की डायरेक्टर श्रीमती पूनम गासो जी व गीतांजलि गीतों का कारवां के डायरेक्टर लोकेश शर्मा प्रतियोगिता में मौजूद रहे। निर्णायक मंडल के रूप में छ्ह्स्त्वद्दह्य संजीव झींगरन नम्रता कांबोज ने एक उचित निर्णायक के रूप में अपनी भूमिका निभाई । प्रतियोगिता में भाग ले रहे प्रतिभागियों के अलावा सुर संगीत वैल्फेयर सोसायटी रजिस्टर्ड -जगाधरी यमुनानगर व बाहर से आए सिंगर्स की प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। जिसके लिए उपस्थित सभी मुख्यातिथियों, मेहमानों व श्रोताओं ने सभी सिंगर्स की तारीफ करते हुए खूब सराहा और उनका हौंसला बढ़ाया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की ओर से पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान मिस्टर लव गौसाई , द्वितीय अम्बाला से श्री राजेश कुमार सब्बरवाल जी व तृतीय ईशम सिंह बराड़ा, महिला वर्ग में प्रथम स्थान मिस ट्विंकल जी, नारायणगढ़, द्वितीय नैनसी सिंह, तृतीय सुनीता मचल ,को घोषित किया गया। सभी विनर्स को मुख्यातिथि द्वारा ट्रॉफी व नकदी पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा सभी सम्माननीय पार्टिसिपेंट को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद मुख्यातिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट करने के बाद प्रतियोगिता का समापन किया गया। मुख्य आयोजक के रूप में यमुनानगर -जगाधरी के, चेयरमैन श्री मनमोहन सिंह , प्रधान श्री प्रवीण गुप्ता जी ,सीनियर प्रेजीडेंट अनिल अग्रवाल जी, जनरल सैक्रेटरी रमेश पारचा, (विशेष सहयोग)अमित मनकट व राजकुमार बांगा , मदन शेखपुरी, फगगू राम कांबोज जी, डायरेक्टर मिस्टर लवली सिंह , फाइनैंस सैक्रेटरी रामपाल सिंह राणा, वाइस प्रेसिडेंट , डॉ सुनील काम्बोज , वाइस प्रेसिडेंट नवीन बंसल , ज्वाइंट सेक्रेटरी जनक सिंह, ,रविश चौहान (स्टेज़ सैक्रेटरी) समाजसेवी सत्यम नागपाल तथा अन्य लोगो के सानिध्य में इस संगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

सोनीपत में आयोजित 19वीं हरियाणा स्टेट एसक्यूएवाई चैंपियनशिप में द भारत स्कूल के 21 विद्यार्थियों ने जीते पदक

हरियाणा का पैगाम, मनीषा कपूर :



सोनीपत 19वीं हरियाणा स्टेट कैडेट, सब-जूनियर, जूनियर एवं सीनियर एसक्यूएवाई चैंपियनशिप 2026-27 का आयोजन 2 अक्टूबर 2026 को सोनीपत में किया गया। प्रतियोगिता में द भारत स्कूल के 21 विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्कूल का नाम रोशन किया प्रतियोगिता में धाणी मल्होत्रा (कक्षा 9) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 स्वर्ण पदक हासिल किए। वहीं सुकृति मित्तल, दक्ष सिंगला, हर्ष वधेरा (कक्षा 10), आर्यन एवं जसप्रीत गिल (कक्षा 9), आराध्या (कक्षा 5) और द्वित मल्होत्रा (कक्षा 3) ने 2-2 स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आरवी चंडेल (कक्षा 8) ने 1 स्वर्ण और 1 रजत पदक हासिल किया। आरनव कालिया और शुभांश शर्मा (कक्षा 9) ने 1 स्वर्ण एवं 1 कांस्य पदक जीता। इसी प्रकार अभिजोत सिंह एवं काव्या मेहता (कक्षा 8) तथा रुद्रव बजाज (कक्षा 6) ने एक-एक स्वर्ण पदक प्राप्त किया। आदम्या सैनी एवं शनाया मित्तल (कक्षा 5), कियाना वर्मा (कक्षा 2) और अमरेंद्र सिंह मलिक (कक्षा 1) ने एक-एक रजत पदक जीता। वहीं सहज गिरधर (कक्षा 8), अनुष्का (कक्षा 7) और सुमैरा यादव (कक्षा 3) ने एक-एक कांस्य पदक हासिल किया। स्कूल प्रबंधन ने सभी विजेता विद्यार्थियों को उनकी शानदार उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्कूल ने कहा कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धि उनकी मेहनत, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण का परिणाम है।

जनसंघ के समय से भाजपा संगठन के प्रति समर्पित कार्यकर्ताओं के सम्मान के संकल्प को लेकर बैठक आयोजित : नागेन्द्र

हरियाणा का पैगाम, लाला सिंह :



यमुनानगर। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश सपरा ने जानकारी देते हुए बताया कि हाल ही में गठित भाजपा के प्रकोष्ठ वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्पर्क प्रमुख की बैठक यमुनाकमल में आयोजित हुई।भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की बैठक में संगठन की मजबूती और पुराने कार्यकर्ताओं के योगदान पर हुआ मंथन।भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता संपर्क प्रमुख के अंतर्गत आज जिला कार्यालय यमुना कमल, यमुनानगर में जनसंघ के समय से पार्टी से जुड़े वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक जिला अध्यक्ष राजेश सपरा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय संगठक नागेन्द्र तथा प्रदेश संयोजक धूमन सिंह किरमिच एवं भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश सपरा का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। बैठक का मुख्य उद्देश्य जनसंघ के समय से संगठन के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रहे वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के अनुभवों, योगदान और विचारों का लाभ लेकर संगठन को और अधिक मजबूत बनाना रहा। बैठक में मुख्य संबोधन देते हुए राष्ट्रीय संगठक नागेन्द्र ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज जिस मजबूत स्थिति में पहुंची है, उसके पीछे जनसंघ के समय से पार्टी के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का त्याग, तपस्या, संघर्ष और समर्पण है। इन वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने विपरीत परिस्थितियों में भी संगठन की विचारधारा और सिद्धांतों को मजबूती से आगे बढ़ाया। उनका अनुभव और मार्गदर्शन पार्टी की अमूल्य धरोहर है। राष्ट्रीय संगठक नागेन्द्र ने कहा कि वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के योगदान को सम्मान देना और उनके अनुभवों को नई पीढ़ी तक पहुंचाना संगठन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक धूमन सिंह किरमिच ने अपने संबोधन में कहा कि पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता संगठन की मजबूत नींव हैं। उनके साथ निरंतर संपर्क बनाए रखना, उनके अनुभवों से सीखना और उन्हें संगठनात्मक गतिविधियों से जोड़े रखना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शन से संगठन को नई ऊर्जा मिलती है और कार्यकर्ताओं में सेवा, समर्पण तथा राष्ट्रहित की भावना और मजबूत होती है।जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी का संगठन वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के संघर्ष, मेहनत और समर्पण से निरंतर मजबूत हुआ है। जनसंघ के समय से पार्टी के साथ जुड़े कार्यकर्ताओं ने कठिन परिस्थितियों में भी संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि जिला भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के अनुभवों और मार्गदर्शन को पूरा सम्मान देती है तथा संगठन में उनके योगदान को सदैव याद रखा जाएगा। बैठक में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ संगठनात्मक विषयों पर विचार-विमर्श किया गया तथा उनके अनुभवों और सुझावों को महत्व देते हुए संगठनात्मक संपर्क को और मजबूत बनाने पर जोर दिया गया।

फोर्टिस मोहाली में रोबोटिक सर्जरी से 36 वर्षीय व्यक्ति के दुर्लभ जीभ कैंसर का सफल उपचार

हरियाणा का पैगाम, परविन्द्र कौर :



कुरुक्षेत्र। फोर्टिस अस्पताल मोहाली के हेड एंड नेक कैंसर विभाग तथा रोबोटिक सर्जरी विभाग ने जटिल सिर एवं गर्दन के कैंसर (ईएनटी कैंसर) से पीड़ित कई मरीजों का सफलतापूर्वक उपचार किया है, जिससे वे सामान्य और स्वस्थ जीवन जीने में सक्षम हुए हैं। फोर्टिस अस्पताल मोहाली के कंसल्टेंट, हेड एंड नेक ऑन्को-सर्जरी, डॉ. कुलदीप ठाकुर ने अत्याधुनिक रोबोटिक कैंसर सर्जरी तकनीकों के माध्यम से ऐसे कैंसर मरीजों को नया जीवन प्रदान किया है। इसी क्रम में, डॉ. ठाकुर ने 36 वर्षीय एक मरीज का सफल उपचार किया, जो जीभ के एडेनॉइड सिस्टिक कार्सिनोमा (ए.सी.सी.) से पीड़ित था। यह एक दुर्लभ घातक ट्यूमर है, जो सिर एवं गर्दन के कैंसर के 1त्न से भी कम मामलों में पाया जाता है।मरीज को गले में तकलीफ हो रही थी, जो धीरे-धीरे बढ़ती गई और ऐसी स्थिति हो गई कि वह भोजन का सेवन भी नहीं कर पा रहा था। इसके बाद उसने फोर्टिस अस्पताल मोहाली में डॉ. ठाकुर से परामर्श लिया। चिकित्सकीय जांच में पता चला कि कैंसर स्टेज 2 तक बढ़ चुका था और तत्काल सर्जरी की आवश्यकता थी। जीभ और गर्दन की एमआरआई जांच में जीभ के पिछले हिस्से में ट्यूमर की पुष्टि हुई। ट्यूमर की स्थिति और उसके विस्तार को देखते हुए, डॉ. ठाकुर ने ट्रांसोरल रोबोटिक सर्जरी (टीआरएस) तकनीक के माध्यम से जीभ के आधार के लगभग 50त्न हिस्से को हटाया। इसके साथ ही गर्दन की लिम्फ नोड्स को हटाने के लिए नेक डिसेक्शन भी किया गया। सर्जरी के दौरान कैंसरग्रस्त ऊतकों को मुंह के रास्ते तथा गर्दन के दोनों ओर से सफलतापूर्वक हटाया गया और चेहरे पर किसी बाहरी चीरे की आवश्यकता नहीं पड़ी। ट्यूमर को हटाने के बाद बने हिस्से का पुनर्निर्माण मरीज के बाएं हाथ से लिए गए ऊतक की सहायता से किया गया। ऑपरेशन के बाद मरीज की रिकवरी सुचारू रही और उसे सर्जरी के पांच दिन बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। अंतिम हिस्टोपैथोलॉजी रिपोर्ट में ट्यूमर को पूरी तरह हटाए जाने की पुष्टि हुई। मरीज अब पूरी तरह स्वस्थ होकर सामान्य जीवन जी रहा है।

सीआईए वन ने युवक की हत्या करने के मामले में तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार



हरियाणा का पैगाम, नितिन नागपाल :

यमुनानगर। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल की मार्गदर्शन में कार्य करते हुए अपराध शाखा-1 की टीम ने हाउसिंग बोर्ड सेक्टर-18 में पीट-पीटकर 23 वर्षीय शिवा त्यागी की हत्या करने के मामले में तीन और आरोपियों सत्यम पुत्र बृजलाल, लक्ष्य व कनिष्क पुत्र सतबीर सिंह को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया। तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया। इंचार्ज राजकुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मेरठ के गांव महादेव निवासी शिवा त्यागी तीन सितंबर को अपने चाचा विक्की के पास हाउसिंग बोर्ड सेक्टर 18 में आया हुआ था। उसके चाचा का दोस्त आशीष ठाकुर भी पड़ोस में रहता है। आशीष का अपनी पत्नी के साथ विवाद हो गया था। सात सितंबर को दोनों के बीच सुलह कराने के लिए शिवा व उसका चाचा घर चले गए थे। यहां उनके बीच सुलह कराने लगे। इसी दौरान आशीष गाली गलौज करने लगा। इसके बाद शिवा व उसका चाचा वहां से आ गए। अगले दिन आशीष ने अपने भाई हिमांशु, कनिका, लक्ष्य, बादल सहित आठ-दस लोगों के साथ उन पर हमला कर दिया। डंडों व राड से पीटा। जिसमें शिवा त्यागी के सिर में चोट लगी। उसे अस्पताल में दाखिल कराया गया था। जहां से उसे पीजीआइ रेफर कर दिया था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने पहले दस सितंबर को झगड़े का केस दर्ज किया था। मौत होने पर हत्या की धारा इजाद की गई है। उनकी टीम इससे पहले खेड़ा फार्म निवासी राजकुमार उर्फ लुक्का, आशीष ठाकुर व अंकित को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी हैं। अब सत्यम पुत्र बृजलाल, लक्ष्य व कनिष्क पुत्र सतबीर सिंह को गिरफ्तार किया गया है। तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया। इंचार्ज ने बताया कि इस मामले में अभी तक कुल 6 आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं।

प्लॉग रन कर विद्यार्थियों ने दिया स्वच्छता का संदेश

हरियाणा का पैगाम, सुन्दर प्रताप :



यमुनानगर। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत नगर निगम की स्वच्छ भारत मिशन की टीम द्वारा वार्ड नंबर-16 स्थित स्वर्ण जयंती पार्क लेबर कॉलोनी में विशेष सफाई एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। मेयर सुमन बहमनी व निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद के निर्देशों पर चलाए गए अभियान में राजकीय माध्यमिक विद्यालय लेबर कॉलोनी के विद्यार्थियों ने प्लॉग रन कर स्वच्छता का संदेश दिया।उन्होंने पार्क में घूमते हुए यहां-वहां पड़े कचरे को एकत्रित किया और लोगों को सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी न फैलाने के लिए जागरूक किया। एकत्रित कचरे को वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण के लिए भेजा गया। अभियान में विद्यालय की प्रधानाचार्या मुक्ता एवं अध्यापकगण का सहयोग रहा। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों, शिक्षकों और उपस्थित सदस्यों ने स्वच्छता की शपथ ली। सभी ने गंदगी नहीं फैलाने, कचरे का उचित निस्तारण करने और अपने आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। स्वच्छ भारत मिशन के विशेषज्ञ आकाश कुमार व गगन बेनीवाल ने विद्यार्थियों और स्थानीय नागरिकों को कचरे के उचित निस्तारण, सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ रखने तथा स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों को समझाया गया कि स्वच्छ शहर की शुरुआत प्रत्येक व्यक्ति की छोटी-छोटी जिम्मेदारियों से होती है।

नवी मुंबई की वंदना बिंद ने जीता मिसेज वर्ल्ड इंडिया इंटरनेशनल अवार्ड 2026

हरियाणा का पैगाम, रेणु :



मुम्बई। महाराष्ट्र के नवी मुंबई की निवासी श्रीमती वंदना बिंद ने राष्ट्रीय स्तर पर एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। 45 वर्षीय वंदना बिंद को नई दिल्ली में आयोजित प्रतिष्ठित सौंदर्य प्रतियोगिता में मिस. वर्ल्ड इंडिया इंटरनेशनल अवार्ड विनर-2026 के खिताब से सम्मानित किया गया। अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के दम पर वंदना बिंद ने साबित किया है कि सपनों को पूरा करने की कोई उम्र नहीं होती। रनवे मॉडल के रूप में अपनी पहचान बना चुकीं वंदना पेशे से कंटेंट क्रिएटर और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर भी हैं। इससे पहले वंदना बिंद को क्वीन आफ रायगढ़ 2026 के खिताब से नवाजा जा चुका है। डिजिटल जगत में भी उन्होंने अपनी अलग पहचान बनाई है। सोशल मीडिया पर उनके कंटेंट की लोकप्रियता के चलते उन्हें यू ट्यूब सिल्वर प्ले बटन भी प्राप्त हो चुका है। इस सम्मान को प्राप्त करने के बाद वंदना बिंद ने कहा कि यह पुरस्कार उन सभी महिलाओं के लिए प्रेरणा है, जो अपने सपनों को उम्र की सीमाओं में नहीं बांधतीं और आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ती हैं। वंदना बिंद सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय हैं। उनके सोशल मीडिया अकाउंट्स पर बड़ी संख्या में लोग जुड़े हुए हैं। नवी मुंबई से निकलकर राष्ट्रीय मंच तक अपनी पहचान बनाने वाली वंदना बिंद की इस उपलब्धि पर उनके परिवार, मित्रों और क्षेत्र के लोगों ने खुशी व्यक्त की है। उनकी सफलता उन महिलाओं के लिए प्रेरणादायक है, जो जीवन के किसी भी पड़ाव पर अपने सपनों को साकार करना चाहती हैं।

उपचुनाव नतीजों से मोदी के नेतृत्व पर जनता का विश्वास साबित : हर्ष मल्होत्रा

हरियाणा का पैगाम, हर्ष कपूर :



कुरुक्षेत्र। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने विभिन्न राज्यों में हुए उपचुनावों में भाजपा और एनडीए को मिली जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी, एनडीए घटक दल एआईएनआरसी और पार्टी कार्यकर्ताओं को बधाई दी। हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि विपक्षी दलों के कथित कुप्रचार के बावजूद छह उपचुनावों में से एक लोकसभा और तीन विधानसभा उपचुनावों में भाजपा एवं एनडीए की जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर जनता के विश्वास को दर्शाती है। उन्होंने पश्चिम बंगाल की नंदीग्राम विधानसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी की 1,29,914 वोटों से जीत और मुस्लिम बहुल रेजीनगर सीट पर 75,816 वोटों के अंतर से मिली जीत को पार्टी के लिए महत्वपूर्ण बताया। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राजनीतिक विरासत समाप्त होने संबंधी बयान की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि उपचुनाव के नतीजे कांग्रेस, आम आदमी पार्टी और तृणमूल कांग्रेस जैसे विपक्षी दलों के दावों का जवाब हैं। मल्होत्रा के अनुसार, रेजीनगर में भाजपा की जीत प्रधानमंत्री मोदी के प्रति जनता के विश्वास का प्रमाण है।

11 अक्टूबर से शुरू होगी लव कुश रामलीला, 140 फुट ऊंचे मंच पर साकार होगा भव्य मीनाक्षी मंदिर

हरियाणा का पैगाम, डौली चावला :



दिल्ली। देश की प्रसिद्ध लव कुश रामलीला कमेटी की ओर से इस वर्ष लाल किला मैदान में 11 से 21 अक्टूबर 2026 तक भव्य रामलीला का आयोजन किया जाएगा। रामलीला को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। इस बार 140 फुट लंबे, 60 फुट चौड़े और 45 फुट ऊंचे मंच पर भव्य मीनाक्षी मंदिर का सेट तैयार किया गया है। आधुनिक लाइटिंग, शानदार मंच सज्जा और टीवी व फिल्म जगत के कलाकारों की मौजूदगी इस आयोजन का प्रमुख आकर्षण होगी। लव कुश रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अर्जुन कुमार ने बताया कि रामलीला में श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण, हनुमान और रावण सहित रामायण के प्रमुख पात्रों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। इस वर्ष कलाकारों की वेशभूषा, संवाद और मंचीय प्रस्तुतियों को विशेष रूप से तैयार किया गया है, ताकि दर्शकों को रामायण के प्रसंगों का भव्य और प्रभावशाली अनुभव मिल सके।

टीवी और फिल्म जगत के कलाकार निभाएंगे प्रमुख भूमिकाएं : राम की भूमिका टीवी कलाकार देवेश शर्मा निभाएंगे। आयोजकों के अनुसार, देवेश शर्मा टेलीविजन के लोकप्रिय धारावाहिकों और अन्य परियोजनाओं में काम कर चुके हैं। माता सीता की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री तथा रावण और अन्य प्रमुख पात्रों को निभाने वाले कलाकार भी अपनी प्रस्तुतियों के जरिए दर्शकों का ध्यान आकर्षित करेंगे।रामलीला में रावण की भूमिका के लिए राजेश शर्मा को चुना गया है। वे हिंदी फिल्मों और टेलीविजन के जाने-माने कलाकार हैं। वहीं, मेघनाद, कुंभकरण और अन्य पात्रों की प्रस्तुतियों को भी विशेष रूप से तैयार किया जा रहा है।

भव्य मंच पर दिखेगी भारतीय मंदिर स्थापत्य कला की झलक : कमेटी के अध्यक्ष अर्जुन कुमार के मुताबिक, इस वर्ष रामलीला के मंच के लिए लगभग 40 कुशल कारीगर गुजरात, कोलकाता, महाराष्ट्र, मथुरा और दिल्ली से आए हैं। इन कारीगरों की मदद से मीनाक्षी मंदिर की भव्य प्रतिकृति तैयार की जा रही है। मंच पर रामायण के प्रसंगों के साथ भारतीय मंदिर स्थापत्य और पारंपरिक कला का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। मंच निर्माण में आधुनिक तकनीक, आकर्षक सजावट और पारंपरिक शिल्पकला का विशेष ध्यान रखा गया है। आयोजकों का उद्देश्य दर्शकों को ऐसा दृश्य अनुभव देना है, जिसमें धार्मिक आस्था के साथ भारतीय संस्कृति और कला की झलक भी दिखाई दे।

11 अक्टूबर को होगा शुभारंभ : लव कुश रामलीला कमेटी के महासचिव सुबाष गोयल ने बताया कि रामलीला 11 अक्टूबर से शुरू होकर 21 अक्टूबर 2026 तक चलेगी। दशहरा पर्व 20 अक्टूबर को मनाया जाएगा।

कानूनी शिक्षा, शोध और अकादमिक नेतृत्व को देती है नई दिशा : प्रो. वंदना अरोड़ा

हरियाणा का पैगाम, रेणु :



चंडीगढ़। पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ के विधि विभाग की अध्यक्ष एवं प्रोफेसर तथा विधि संकाय की डीन प्रो. (डॉ.) वंदना अरोड़ा ने कानूनी शिक्षा के क्षेत्र में अपने लंबे अकादमिक अनुभव, शोध और संस्थागत नेतृत्व के माध्यम से विशिष्ट पहचान बनाई है। पंजाब विश्वविद्यालय में 25 वर्षों से अधिक की निरंतर शैक्षणिक सेवा के दौरान उन्होंने अध्यापन के साथ-साथ अकादमिक प्रशासन, शोध निर्देशन, नीतिगत परामर्श और संस्थागत विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनका नेतृत्व केवल विभागीय प्रशासन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उन्होंने विधि शिक्षा को समकालीन चुनौतियों से जोड़ने पर विशेष जोर दिया है। संवैधानिक एवं प्रशासनिक कानून, आपराधिक कानून, कॉरपोरेट एवं वाणिज्यिक कानून, मानवाधिकार, उपभोक्ता संरक्षण तथा सुशासन जैसे क्षेत्रों में उनकी विशेषज्ञता ने उनके अकादमिक कार्य को व्यापक आयाम प्रदान किया है। प्रो. अरोड़ा ने शोध के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने 10 पीएचडी शोध प्रबंधों तथा लगभग 70 एलएलएम शोध प्रबंधों का मार्गदर्शन किया है। उनके शोध एवं लेखन में उपभोक्ता संरक्षण, संसदीय एवं कार्यपालिका संबंधी विधायी प्रक्रियाएं, कॉरपोरेट प्रशासन, लैंगिक विविधता, साइबर सुरक्षा, समान नागरिक संहिता, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और न्यायिक निर्णय प्रक्रिया जैसे समकालीन विषय शामिल हैं। कानून को समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद वर्गों तक पहुंचाने की दिशा में भी उनका योगदान उल्लेखनीय है।

पलवल एरिया में सीआईए-1 ने एक आरोपी के पैरों में गोली मारकर किया काबू

हरियाणा का पैगाम, गुरमीत छतवाल :



कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र पुलिस ने ट्रांसफर चोरी के दो आरोपियों को मुठभेड़ के बाद काबू कर लिया है। वीरवार देर रात अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने पलवल में ट्यूबवैल के पास एक आरोपी के पैर में गोली मारकर काबू किया तथा दूसरे आरोपी को काबू किया है। आरोपियों की पहचान यशपाल व इन्दल वासीयान कावडी रोड अर्जुन नगर पानीपत के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी को ईलाज के लिए एलएनजेपी हस्पताल कुरुक्षेत्र में दाखिल करवाया है जहां पर उनका इलाज चल रहा है। अपराध अन्वेषण शाखा-1 प्रभारी निरीक्षक प्रतीक ने बताया कि 8 अक्टूबर 2026 को अपराध अन्वेषण शाखा-1 अरविन्द कुमार, सुरेन्द्र कुमार, मुख्य सिपाही भजन सिंह, सिपाही विरेन्द्र, सतबीर व गाडी चालक ईश्वर सिंह की टीम थाना झांसा एरिया से ट्रांसफार्मर चोरी के आरोपियों की तलाश में गांव पलवल के एयरफोर्स चौंक पर मौजूद थी। पुलिस टीम को सूचना मिली कि थाना झांसा, थाना केयूके, थाना शहर थानेसर के एरिया में ट्रांसफर चोरी करने के आरोपी यशपाल व इन्दल वासीयान कावडी रोड अर्जुन नगर पानीपत इस समय पलवल से झिरबडी जाने वाली सडक पर एक रिहायसी एरिया के बाद पक्की ईंटो के रास्ते पर एक ट्यूबवैल के पास बिजली के खम्बो पर लगे ट्रांसफार्मर से ताम्बा तार वा लोहा पत्ती चोरी करने की नियत से अपने पास ट्रांसफार्मर को चोरी करने में प्रयोग किये जाने वाले औजारो के साथ टयूबबैल के पास गये हुए है। आरोपी रात के समय अपनी सुरक्षा के लिए अपने पास पहले से ही अवैध असला वा अमुनेशन भी साथ रखते है। यशपाल और इन्दल दोनो ने मिलकर पहले भी जिला कुरुक्षेत्र में कई ट्रांसफार्मरों से ताम्बा तार वा लोहा पत्ती चोरी की है। सूचना पर पुलिस टीम गांव पलवल से झिरबडी जाने वाली ईंटो के रास्ते पर टयूबबैल से गाड़ी रोककर पैदल-पैदल टयूबबैल की तरफ जा रहा था। एक आरोपी ने अपने अवैध असला से पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से सीधा फायर कर दिया। पुलिस टीम ने आरोपियों को आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी और एक हवाई फायर किया। आरोपियों ने अवैध असला से पुलिस पार्टी पर फायर कर दिया। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में आरोपी को फायर करने से रोकने व व उसको काबू करने के लिए अपने सरकारी पिस्टल से फायर कर रहे व्यकित के पैरो की तरफ फायर कर रहे व्यकित के पैरो की तरफ फायर किए। पुलिस द्वारा चलाई गई 01 गोली आरोपी की बाई टांग में लगी और वह गोली लगने से वहीं नीचे जमीन पर गिर गया गया।















बच्चों में हो भक्ति की भावना पैदा, गौरव अंकल ने स्कूली बच्चों को दिखाई हनुमान अंश फिल्म



गुरु जी का आश्रम बड़े मंदिर के अध्यक्ष नवदीप सिंह जी गौरव अंकल ने पिछले सप्ताह गुरुजी बड़े मंदिर द्वारा संचालित स्कूल गुरुजी पब्लिक स्कूल के बच्चों को हनुमान अंश फिल्म दिखाई। ताकि बच्चों में भी भक्ति भावना पैदा हो और उन्हें अच्छे विचार देखने और सुनने को मिले । गुरुजी पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा गौरव अंकल का धन्यवाद भी किया गया । जिनकी प्रेरणा से उन्हें यह सब देखने को मिला समय-समय पर गौरव अंकल द्वारा बच्चों के लिए कई ऐतिहासिक कार्यक्रमभी किए जाते हैं।















स्वामी, संपादक / प्रकाशन एवं मुदक सत्यम नागपाल, इम्प्रेशन प्रिंटिंग पैकजिंग लि0, प्लाट नं0 119/4 के.एम. जी.टी. रोड़, पीछे पी.पी. ऑटोमेटिव, करनाल, हरियाणा, पिन -132001, PRGI No.: HRHIN/26/A3461
हरियाणा से मुद्रित तथा मकान नं0 367, एफ, प्रोफेसर कालोनी, यमुनानगर-135001 हरियाणा से प्रकाशित, मो0 93155-55560, 93540-00004 पिन कोड 135001 मुख्य संपादक : सत्यम नागपाल। सभी विवादों को क्षेत्र जगाधरी न्यायालय होगा